# कार्यालय नगर परिषद्, दाउदनगर (औरंगाबाद)

पत्रांक–98 दाउदनगर, दिनांक–05/02/26

**अति–अल्पकालीन सूचना**

एतद् द्वारा वैसे सभी एजेन्सी/सेवा प्रदाता को सूचित किया जाता है कि नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना के पत्रांक–4163, दिनांक–29.12.2025 एवं पत्रांक–344, दिनांक–5.02.2026 के आलोक में नगर परिषद्, दाउदनगर के क्षेत्रान्तर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण, 2025–26 के दृष्टिगत निम्नलिखित कार्यों का किया जाना आवश्यक है :–

1. स्वच्छ सर्वेक्षण, 2025–26 टूलकिट में निर्धारित मापदंडो का विशलेषण एवं गैप एनालिसिस एवं यथानुसार सहयोग।
2. दस्तावेजीकरण, पोर्टल अपलोड एवं प्रमाण संधारण से संबंधित कार्य।
3. फील्ड स्तर पर स्वच्छता एवं अपशिष्ट प्रबंधन प्रणाली से संबंधित कर्मियों का प्रशिक्षण, रिर्कार्ड संधारण एवं यथानुसार मार्गर्दशन।
4. नागरिक सहभागिता एवं जनजागरूकता अभियान का संचालन, विद्यालयों में IEC से संबंधित कार्य।
5. खुले में शौच/Urinaton/Spitting एवं एकल उपयोग प्लास्टिक की रोकथाम से संबंधित प्रचार–प्रसार कार्य एवं दस्तावेजीकरण।
6. स्वच्छ सर्वेक्षण, 2025–26 के टुलकिट में वर्णित IEC से संबंधित अन्य कार्य।
7. स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित तृतीय पक्ष मुल्यांकन की तैयारी एवं निरीक्षण से संबंधित यथानुसार समन्वय।

अतः वैसे सभी इच्छुक एजेन्सी/सेवा प्रदाता जो नगर परिषद, दाउदनगर में IEC से संबंधित उक्त कार्य करना चाहते है वे सभी अपना कोटेशन दिनांक–05.02.2026 से दिनांक–16.02.2026 को अपराहन् 5:00 बजे तक कार्यालय में समर्पित करना सुनिश्चित करेंगें। निर्धारित समय–सीमा के पश्चात प्राप्त कोटेशन पर कोई विचार नहीं किया जाएगा।

**नोट :–** कोटेशन को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

कार्यपालक पदाधिकारी
नगर परिषद् दाउदनगर।